CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

CBSE 2026-27

हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

प्रश्न बैंक – सेट 4

पुस्तिका में प्रश्न

क्र.	अध्याय / विषय	MCQs	A-R	VSA	SA	LA	CS	All
1	अपठित गद्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
2	अपठित काव्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
3	रचना के आधार पर वाक्य भेद	3	1	12	0	0	0	**16**
4	वाच्य	3	1	12	0	0	0	**16**
5	पद परिचय	3	1	12	0	0	0	**16**
6	अलंकार	3	1	12	0	0	0	**16**
7	नेताजी का चश्मा	2	1	0	1	0	1	**5**
8	बालगोबिन भगत	1	1	0	1	0	1	**4**
9	लखनवी अंदाज़	3	1	0	1	0	1	**6**
10	एक कहानी यह भी	3	1	0	3	0	1	**8**
11	नौबतखाने में इबादत	2	1	0	1	0	1	**5**
12	संस्कृति	1	1	0	1	0	1	**4**
13	सूरदास — पद	1	1	0	1	0	1	**4**
14	तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद	3	1	0	1	0	1	**6**
15	जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य	1	1	0	1	0	1	**4**
16	निराला — उत्साह; अट नहीं रही है	3	1	0	4	0	1	**9**
17	नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल	3	1	0	4	0	1	**9**
18	मंगलेश डबराल — संगतकार	3	1	0	4	0	1	**9**
19	माता का अँचल	3	1	0	3	4	0	**11**
20	साना-साना हाथ जोड़ि	3	1	0	3	4	0	**11**
21	मैं क्यों लिखता हूँ?	3	1	0	3	4	0	**11**
22	अनुच्छेद लेखन	0	0	0	0	5	0	**5**
23	पत्र लेखन	0	0	0	0	4	0	**4**
24	स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन	0	0	0	0	8	0	**8**
	योग	**47**	**19**	**48**	**32**	**29**	**14**	**189**

MCQs = बहुविकल्पीय; A-R = अभिकथन–कारण; VSA = अति लघु उत्तरीय; SA = लघु उत्तरीय; LA = दीर्घ उत्तरीय; CS = केस/स्रोत आधारित।

विषय सूची

1. अपठित गद्यांश 3

2. अपठित काव्यांश 4

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद 5

4. वाच्य 6

5. पद परिचय 7

6. अलंकार 8

7. नेताजी का चश्मा 9

8. बालगोबिन भगत 10

9. लखनवी अंदाज़ 11

10. एक कहानी यह भी 12

11. नौबतखाने में इबादत 13

12. संस्कृति 14

13. सूरदास — पद 15

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद 16

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य 17

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है 18

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल 20

18. मंगलेश डबराल — संगतकार 22

19. माता का अँचल 24

20. साना-साना हाथ जोड़ि 25

21. मैं क्यों लिखता हूँ? 26

22. अनुच्छेद लेखन 27

23. पत्र लेखन 28

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन 29

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण) 30

1. अपठित गद्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

हमारे देश में हिंदी फिल्मों के गीत अपने आरंभ से ही आम दर्शक के सुख-दुःख के साथी रहे हैं। वर्तमान समय में हिंदी फिल्मों के गीतों ने आम जन के हृदय में लोकगीतों सी आत्मीय जगह बना ली है। जिस तरह से एक जमाने में लोकगीत जनमानस के सुख-दुख, आकांक्षा, उल्लास और उम्मीद को स्वर देते थे, आज फिल्मी गीत उसी भूमिका को निभा रहे हैं। इतना ही नहीं देश की विविधता को एकता के सूत्र में बाँधने में हिंदी फिल्मों का योगदान सभी स्वीकार करते हैं। हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का जो काम राजभाषा विभाग तत्सम शब्दों की सहायता से कर रहा है, वही कार्य फिल्मी गीत और संवाद लिखने वाले विविध क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह गाने जन-जन के गीत इसी कारण बन सके क्योंकि इनमें राजनीति के उतार-चढ़ाव की अनुगूंजों के साथ देहाती, कस्बाई और नए बने शहरों का देशज जीवन दर्शन भी आत्मसात किया जाता रहा है। भारत की जिस गंगा-जमुनी संस्कृति का महिमामंडन बहुधा होता है उसकी गूंज भी इन गीतों में मिलती है। आजादी की लड़ाई के दौरान लिखे प्रदीप के गीत हों या स्वाधीनता प्राप्ति के साथ ही होने वाले देश के विभाजन की विभीषिका, सभी को भी इन गीतों में बहुत संवेदनशील रूप से व्यक्त किया गया है।
हिंदी फिल्मी गीतों के इस संसार में हिंदी-उर्दू का 'झगड़ा' भी कभी पनप नहीं सका। प्रदीप, नीरज जैसे शानदार हिंदी कवियों, इंदीवर तथा शैलेंद्र जैसे श्रेष्ठ गीतकारों और साहिर, कैफी, मजरूह जैसे मशहूर शायरों को हिंदी सिनेमा में हमेशा एक ही बिरादरी का माना जाता रहा है। यह सिनेमा की इस दुनिया की ही खासियत है कि एक तरफ गीतकार साहिर ने 'कहाँ हैं कहाँ हैं मुहाफिज खुदी के / जिन्हें नाज है हिंद पर / वो कहाँ हैं' लिखा तो दूसरी तरफ उन्होंने ही 'संसार से भागे फिरते हो / भगवान को तुम क्या पाओगे! / ये भोग भी एक तपस्या है / तुम प्यार के मारे क्या जानोगे / अपमान रचयिता का होगा / रचना को अगर ठुकराओगे!' जैसी पंक्तियाँ भी रची हैं। परवर्तियों में गुलजार ऐसे गीतकार हैं जिन्होंने उर्दू, हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी के साथ पुरबिया बोलियों में मन को मोह लेने वाले गीतों की रचना की है। 'बंदिनी' के 'मोरा गोरा अंग लइले, मोहे श्याम रंग दइदे', 'कजरारे-कजरारे तेरे कारे-कारे नयना!', 'यारा सिली सिली रात का ढलना' और 'चप्पा चप्पा चरखा चले' जैसे गीतों को रचकर उन्होंने भारत की साझा संस्कृति को मूर्तिमान कर दिया है। वस्तुतः भारत में बनने वाली फिल्मों में आने वाले गीत उसे विश्व-सिनेमा में एक अलग पहचान देते हैं। ये गीत सही मायने में भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को अभिव्यक्त करते हैं।

(i) हिंदी फिल्मी गीतों और लोकगीतों में क्या समानता है? **[1]**

(a) ये जनमानस के रीति-रिवाजों और कल्पनाओं को स्वर देते हैं।
(b) ये जनमानस के जीवन के अनुभवों और विचारों को स्वर देते हैं।
(c) ये जनमानस के सुख-दुख, उल्लास और उम्मीद को स्वर देते हैं।
(d) ये जनमानस के जीवन के यथार्थ और कठोरताओं को स्वर देते हैं।

(ii) हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का काम फिल्मी गीतों ने किस प्रकार किया? **[1]**

(a) राजभाषा विभाग के सहयोग से
(b) विविध क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से
(c) विविध भाषाओं की फिल्मों को प्रोत्साहित करके
(d) विविध भाषाओं की फिल्मों को हतोत्साहित करके

(iii) **अभिकथन (A):** हिंदी फिल्मों के गाने जन-जन के गीत बन गए हैं।
कारण (R): इन गीतों में राजनीति के उतार-चढ़ाव की अनुगूंजों के साथ देहाती, कस्बाई और नए बने शहरों का देशज जीवन दर्शन आत्मसात किया जाता रहा है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) गद्यांश के अनुसार हिंदी फिल्मी गीतों में किन ऐतिहासिक घटनाओं की गूँज मिलती है? **[2]**

(v) 'हिंदी-उर्दू का झगड़ा' फिल्मी गीतों की दुनिया में क्यों नहीं पनप सका? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

2. अपठित काव्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

गुरु वही जो दीप जलाए,
अंधकार को दूर भगाए;
अक्षर-अक्षर गढ़ता जाए,
सपनों को भी पंख लगाए।

हर कठिनाई में जो साथी,
राह दिखाए नई-नई;
मेहनत-सच्चाई का पाठ
मन में बोए निष्ठा सही।

छड़ी नहीं, प्रेम से पढ़ाए,
डाँट नहीं, सीख सिखाए;
नन्हे मन को प्यार से गढ़कर
कल का भारत यही बनाए।

(i) कविता में गुरु को कैसा बताया गया है? **[1]**

(a) जो दीप जलाकर अंधकार दूर करे
(b) जो केवल डाँटे
(c) जो धन कमाए
(d) जो नौकरी दिलाए

(ii) कविता के अनुसार गुरु किससे पढ़ाते हैं? **[1]**

(a) डाँट से (b) प्रेम से (c) भय से (d) धन से

(iii) कविता के अनुसार गुरु मन में कौन-सा बीज बोते हैं? **[1]**

(a) निष्ठा और सच्चाई का
(b) अहंकार का
(c) आलस्य का
(d) भय का

(iv) गुरु सपनों को पंख कैसे लगाते हैं? **[2]**

(v) कविता में गुरु के पढ़ाने के ढंग की कौन-सी विशेषता बताई गई है? **[2]**

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य पहचानिए –
1. असफल होने पर शोक करना व्यर्थ है।
2. मैं एक दिन अमेरिका जाऊँगी तथा अपना शेष जीवन वहीं बिताऊँगी।
3. जैसे ही रमेश आया, वैसे ही मोहन चल दिया।
4. विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा। [SQP 2023-24] **[1]**

(a) 1 और 2 सही हैं। (b) 2 और 3 सही हैं। (c) 1 और 4 सही हैं। (d) 2 और 4 सही हैं।

Q2. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य कौन-सा है? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**
(a) हालदार साहब जब कस्बे से गुज़रते तब नेताजी की मूर्ति पर बदले हुए चश्मों को देखते।
(b) ज्ञान-चक्षु खुल गए।
(c) नवाब साहब ने खीरे की तैयारी की और थककर लेट गए।
(d) क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है?

Q3. 'रामलाल खेत में गया और गेहूँ काटने लगा।' – इस वाक्य का सरल वाक्य होगा – [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**
(a) ज्यों ही रामलाल खेत में गया त्यों ही गेहूँ काटने लगा।
(b) जब रामलाल खेत में गया तब गेहूँ काटने लगा।
(c) गेहूँ काटने थे इसलिए रामलाल खेत में गया।
(d) रामलाल खेत में जाकर गेहूँ काटने लगा।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'सूरज निकला और धुंध छँट गई' मिश्र वाक्य है।
कारण (R): संयुक्त वाक्य में उपवाक्य 'और' जैसे योजक शब्द से जुड़े होते हैं। **[1]**
(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. जब बाबू जी हमारी ओर देखते, तब हम कुछ लजाकर और मुस्कुराकर आइना नीचे रख देते। (रेखांकित उपवाक्य 'जब बाबू जी हमारी ओर देखते' का भेद लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. कातिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं। (सरल वाक्य में बदलिए) [SQP 2025-26; बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[1]**

Q7. रीड नरकट से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. पिताजी आटे की गोलियों को लेकर गंगाजी की ओर चल पड़ते। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q9. जब अधिक बारिश होती है तब सड़कों पर पानी भर जाता है। (सरल वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q10. वे जब उनका ज़िक्र करते हैं तब उसी नैसर्गिक आनंद में आँखें चमक उठती हैं। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q11. जब वह पूजा-पाठ कर चुकते तब राम-राम लिखने लगते। (सरल वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q12. रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है। (सरल वाक्य में बदलिए) [SQP 2023-24] **[1]**

Q13. कठोर होकर भी सहृदय बनो। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q14. उसने कई नौकरियाँ कीं और छोड़ीं। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q15. उनकी अंगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रही थीं, उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था। (मिश्र वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q16. उनकी अँगुली धान के एक-एक पौधे को पंक्तिबद्ध खेत में बिठा रही थी। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद पहचानकर लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

4. वाच्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाले वाक्य पहचानिए –
क. अध्यापिका द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया।
ख. प्राचार्या द्वारा छात्रों को गणित पढ़ाया जा रहा है।
ग. बच्चों द्वारा हँसा जा रहा था।
घ. खिलाड़ियों द्वारा क्रिकेट मैच जीत लिया गया। [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

(a) ख और ग (b) क और घ (c) क और ग (d) क, ख और घ

Q2. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य के उदाहरण हैं –
1. प्रधानाचार्य द्वारा निर्देश जारी किया गया।
2. उसकी दादी से खड़ा नहीं रहा जाता।
3. सज्जन अपने से बड़ों की सेवा करते हैं।
4. खिलाड़ी से अब दौड़ा नहीं जाता। [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) 1, 3 और 4 (b) 2 और 4 (c) 1 और 3 (d) 3 और 4

Q3. 'चौपाल में मुख्यमंत्री द्वारा भाषण दिया जाएगा।' – इसका कर्तृवाच्य बनेगा – [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

(a) मुख्यमंत्री से चौपाल में भाषण दिया गया।
(b) चौपाल में मुख्यमंत्री ने भाषण दिया।
(c) चौपाल में मुख्यमंत्री भाषण देंगे।
(d) चौपाल में मुख्यमंत्री द्वारा भाषण दिया जा रहा है।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'आओ, यहाँ बैठा जाए' भाववाच्य का उदाहरण है।
कारण (R): कर्मवाच्य में क्रिया कर्म के लिंग-वचन के अनुसार बदलती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. बच्चों द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाया गया। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. आओ, पेड़ की छाया में बैठें। (भाववाच्य में बदलिए) [SQP 2025-26; SQP 2018-19; SQP 2021-22] **[1]**

Q7. नवाब साहब द्वारा जेब से चाकू निकाला गया और खीरे छिलने शुरू कर दिए गए। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. दुकानदार द्वारा एक ग्राहक को सामान दिखाया जा रहा था। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q9. चलो, अब सोया जाए। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[1]**

Q10. नागार्जुन ने बच्चे की मुस्कान पर कविता लिखी। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q11. पिताजी ने स्वादिष्ट दाल बनाई। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q12. उनके द्वारा आटे की गोलियों को कागज़ में लपेटा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q13. चलो, चलें। (भाववाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[1]**

Q14. वाच्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए। **[1]**

Q15. हर्षिता रोज़ अख़बार पढ़ती है। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q16. उसने रोटी के एक बड़े ग्रास को खाने की कोशिश की। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

5. पद परिचय

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'शीला जी ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया।' — वाक्य में रेखांकित पद 'शीला' का पद-परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
(c) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक

Q2. 'कस्बे की नगरपालिका प्रतिवर्ष कुछ नया करती थी।' — रेखांकित पद 'प्रतिवर्ष' का परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'नया करना' क्रिया की विशेषता
(b) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'करना' क्रिया की विशेषता
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

Q3. 'भानपुरा से मेरी यादों का सिलसिला शुरू होता है।' — रेखांकित पद 'मेरी' का परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[1]**

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(b) उत्तमपुरुष सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(c) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'यादों' विशेष्य
(d) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, 'यादों' विशेष्य

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'कल' शब्द कालवाचक क्रियाविशेषण है।
कारण (R): 'कल' शब्द सदैव संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शुक्ल पक्ष में चाँद निरंतर बढ़ता है।' (रेखांकित पद: बढ़ता है) [SQP 2025-26] **[1]**

Q6. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वर्षा के बाद धीरे-धीरे हरियाली बढ़ने लगी।' (रेखांकित पद: धीरे-धीरे) [SQP 2026-27] **[1]**

Q7. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'खीरे की पनियाती फाँकें बहुत स्वादिष्ट थीं।' (रेखांकित पद: पनियाती) [SQP 2025-26] **[1]**

Q8. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'यह पुस्तक किसकी है।' (रेखांकित पद: यह) [MS 2016-17] **[1]**

Q9. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उत्तराखंड में आए दिन भूस्खलन की घटनाएँ हो रही हैं।' (रेखांकित पद: उत्तराखंड) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q10. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'आम के पेड़ पर ढेरों बंदर कूद रहे थे।' (रेखांकित पद: ढेरों) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q11. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उसने अपने गुम हुए मोबाइल फ़ोन को हर जगह खोजा।' (रेखांकित पद: खोजा) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q12. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वह ट्रेन से बाहर की ओर झाँक रही थी।' (रेखांकित पद: ट्रेन से) [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-8-1)] **[1]**

Q13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'अध्यापक ने बताया कि कल अवकाश है।' (रेखांकित पद: अवकाश) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q14. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'इस दरिया के किनारे वह दुलहिन बनकर उतरी थी।' (रेखांकित पद: दुलहिन) [बोर्ड 2025 (Comptt 3-S-1)] **[1]**

Q15. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'अवनि कल आएगी।' (रेखांकित पद: कल) [SQP 2018-19] **[1]**

Q16. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मोहन को उपहार मिला।' (रेखांकित पद: मोहन) **[1]**

6. अलंकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'सो जनु हमरेहि माथे काढ़ा। दिन चलि गए ब्याज बड़ बाढ़ा॥' इस चौपाई में प्रयुक्त अलंकार है – [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) उत्प्रेक्षा (b) अतिशयोक्ति (c) मानवीकरण (d) श्लेष

Q2. 'चंचला स्नान कर आए, चंद्रिका पर्व में जैसे। उस पावन तन की शोभा, आलोक मधुर थी ऐसे॥' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है – [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[1]**

(a) उपमा (b) उत्प्रेक्षा (c) मानवीकरण (d) अतिशयोक्ति

Q3. 'तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान / मृतक में भी डाल देगी जान' – प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है : [बोर्ड 2024 कंपार्टमेंट (3-S-1)] **[1]**

(a) अतिशयोक्ति (b) श्लेष (c) मानवीकरण (d) उत्प्रेक्षा

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'मुख चंद्र-सा सुंदर है' में उपमा अलंकार है।
कारण (R): उपमा अलंकार का एक भेद पूर्णोपमा भी होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'प्रीति-नदी में पाउँ न बोरयौ।' [SQP 2025-26] **[1]**

Q6. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू।' [SQP 2024-25] **[1]**

Q7. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'आधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए।' [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q8. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'जो नत हुआ वह मृत हुआ, ज्यों वृंत से झर कर कुसुम।' [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[1]**

Q9. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'तुम हिमगिरि-सी ऊँची हो।' **[1]**

Q10. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'सीता-सी पतिव्रता नारी दुर्लभ है।' **[1]**

Q11. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'वह नदी-सी बहती जाती है।' **[1]**

Q12. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'जीवन-नैया डोल रही है।' **[1]**

Q13. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'यह दुःख का सागर है।' **[1]**

Q14. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'हमारी भारत-माता महान है।' **[1]**

Q15. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'सूर्य मानो आग का गोला हो।' **[1]**

Q16. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'तरु मानो ध्यान में डूबे हों।' **[1]**

7. नेताजी का चश्मा

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'मास्टर बनाना भूल गया' – यहाँ क्या बनाना भूलने की बात है? **[1]**

(a) मूर्ति का आसन
(b) मूर्ति का चश्मा
(c) मूर्ति की वर्दी
(d) मूर्ति पर नाम-पट्ट

Q2. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के लेखक कौन हैं? **[1]**

(a) रामवृक्ष बेनीपुरी
(b) स्वयं प्रकाश
(c) यशपाल
(d) यतींद्र मिश्र

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** नेताजी की मूर्ति पर चश्मा बार-बार बदला हुआ मिलता था।
कारण (R): कैप्टन ग्राहक की माँग पर मूर्ति का फ्रेम उतारकर दे देता था और बाद में दूसरा फ्रेम लगा देता था। [बोर्ड 2023 Comptt (3-C-1); बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. 'नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर हालदार साहब के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए। [SQP 2025-26; MS 2025-26] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था। केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था। यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था। एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था। हालदार साहब जब पहली बार इस कस्बे से गुज़रे और चौराहे पर पान खाने रुके तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुकभरी मुसकान फैल गई। वाह भई! यह आइडिया भी ठीक है। मूर्ति पत्थर की, लेकिन चश्मा रियल!

(i) कस्बे के नागरिकों के किस प्रयास को सफल और सराहनीय कहा गया है? **[1]**
(a) चौराहे पर नेताजी की मूर्ति स्थापित करना
(b) मूर्ति की आँखों पर असली चश्मा लगाना
(c) देशभक्तों को स्मरण और नमन करना
(d) नगरपालिका द्वारा प्रशासनिक कार्य करना

(ii) 'वाह भई! यह आइडिया भी ठीक है' – पंक्ति में किस 'आइडिया' की बात हो रही है? **[1]**
(a) मूर्ति स्थापना की
(b) संगमरमर की मूर्ति बनाने की
(c) चौराहे पर मूर्ति स्थापना की
(d) मूर्ति पर रियल चश्मा लगाने की

(iii) हालदार साहब चौराहे पर क्यों रुके थे? **[1]**
(a) पान खाने (b) विश्राम करने (c) मूर्ति देखने (d) चश्मा देखने

(iv) हालदार साहब के चेहरे की मुसकान में कौतुकता का भाव क्यों था? **[1]**
(a) मूर्ति पर लगे असली चश्मे के कारण
(b) मूर्ति बनाने वाले व्यक्ति के विषय में जानने के लिए
(c) चौराहे पर मूर्ति लगवाने के पीछे का कारण जानने के लिए
(d) मूर्तिकार द्वारा चश्मा न बनाने का कारण जानने के लिए

(v) **अभिकथन (A):** महत्त्व कार्य के बड़े या छोटे होने का नहीं, उसे करने के पीछे की भावना का है।
कारण (R): निःस्वार्थ भाव से, देशभक्ति की भावना से किया गया छोटे-से-छोटा कार्य भी महान होता है। **[1]**
(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

8. बालगोबिन भगत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. किस घटना के आधार पर कहा जा सकता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) जवान बेटे की मृत्यु पर पद गा रहे थे
(b) हर वर्ष गंगा-स्नान के लिए जाते
(c) अपनी खेती-बाड़ी स्वयं करते
(d) बेटे का क्रिया-कर्म बहू से करवाया

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** भगत ने श्राद्ध के तुरंत बाद पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया।
कारण (R): वे चाहते थे कि पतोहू का पुनर्विवाह हो और वह जीवन में आगे बढ़े। [SQP 2021-22 Term-I; SQP 2024-25] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी? [SQP 2018-19; MS 2018-19] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं! हाँ, गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए, किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था - वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है। बेटे के क्रिया-कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना।

(i) बालगोबिन भगत जी द्वारा किया गया कौन-सा कार्य सामाजिक परंपरा के विरुद्ध था?
(I) पतोहू से बेटे की चिता को आग दिलाना
(II) पतोहू को उसके भाई के साथ मायके भेजना
(III) बेटे का श्राद्ध विधि-विधान से करना
(IV) बेटे की मृत्यु का उत्सव मनाना **[1]**

(a) कथन (I) और (II) सही हैं
(b) केवल कथन (III) सही है
(c) कथन (I) और (IV) सही हैं
(d) कथन (II) और (III) सही हैं

(ii) 'विरहनी अपने प्रेमी से जा मिली' – इस कथन में बालगोबिन भगत के अनुसार विरहनी कौन है? **[1]**

(a) परमात्मा (b) आत्मा (c) काया (d) मृत्यु

(iii) **अभिकथन (A):** बालगोबिन भगत ने अपने पुत्र को मुखाग्नि देने का कार्य अपनी पुत्रवधू से करवाया।
कारण (R): बालगोबिन भगत रूढ़िविरोधी और नारी सम्मान के पक्षधर थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) लेखक को यह संदेह है कि बालगोबिन भगत कहीं पागल तो नहीं हो गए क्योंकि –
(I) वे पतोहू को उसके भाई के साथ मायके भेज रहे थे
(II) वे रोने के बदले उत्सव मनाने को कह रहे थे
(III) वे पुत्र की मृत्यु के बाद गाए जा रहे थे
(IV) वे पतोहू को चुप कराने की कोशिश कर रहे थे **[1]**

(a) कथन (I) और (II) सही हैं
(b) केवल कथन (III) सही है
(c) कथन (I) और (IV) सही हैं
(d) कथन (II) और (III) सही हैं

(v) बेटे की मृत्यु के बाद बालगोबिन भगत अपनी बहू से क्या अपेक्षा रखते थे? **[1]**

(a) वह उनकी आजीवन सेवा करे
(b) वह विधवा का जीवन व्यतीत करे
(c) वह कबीर के गीत गाया करे
(d) वह पुनर्विवाह कर ले

9. लखनवी अंदाज़

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक ने नवाब साहब के खीरा खाने के निमंत्रण को पहली बार क्या उत्तर दिया? [बोर्ड 2022 (3-4-1); SQP 2020-21] **[1]**

(a) धन्यवाद देकर इनकार किया
(b) स्वीकार कर लिया
(c) चुप रहा
(d) क्रोध किया

Q2. नवाब साहब की ऊँची डकार सुनकर लेखक ने क्या निष्कर्ष निकाला? **[1]**

(a) खीरा सचमुच पाचक होता है
(b) यदि खीरे की गंध और स्वाद की कल्पना से पेट भर सकता है तो बिना विचार, घटना और पात्र के भी कहानी लिखी जा सकती है
(c) नवाब बीमार थे
(d) नवाब उसका उपहास कर रहे थे

Q3. 'लखनवी अंदाज़' शीर्षक की सार्थकता किसमें है? [SQP 2021-22 Term-II; MS 2021-22 Term-II] **[1]**

(a) लखनऊ की यात्रा के वर्णन में
(b) लखनऊ की नवाबी तहज़ीब के दिखावे और पतनशील सामंती जीवन-शैली के व्यंग्य में
(c) लखनऊ के खानपान के वर्णन में
(d) लखनऊ के रेलवे स्टेशन में

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** यदि लेखक ने खीरा खा लिया होता तो संभव है नवाब साहब भी खीरा खा लेते।
कारण (R): नवाब साहब खीरा खाना चाहते थे पर अपनी तथाकथित नवाबी शिष्टता के कारण किसी सफ़ेदपोश के सामने उसे खाने में संकोच कर रहे थे।
[SQP 2026-27; MS 2026-27; बोर्ड 2022 (3-1-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. नवाब साहब का खीरा खाने का ढंग किस तरह अलग था? [SQP 2019-20; MS 2019-20] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों - यह है खानदानी रईसों का तरीका! नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए।

(i) नवाब साहब ने हाथ और होंठ किससे पोंछे? **[1]**

(a) रूमाल से (b) तौलिए से (c) कुर्ते से (d) चादर से

(ii) नवाब साहब के हाव-भाव द्वारा क्या जताया जा रहा था? **[1]**

(a) यही खानदानी रईसों का तरीका है
(b) वे बहुत भूखे हैं
(c) उन्हें लेखक से घृणा है
(d) वे बीमार हैं

(iii) 'खानदानी रईस' शब्द किस पर व्यंग्य करता है? **[1]**

(a) श्रमशील वर्ग पर
(b) पतनशील सामंती वर्ग के दिखावे पर
(c) किसानों पर
(d) व्यापारियों पर

(iv) नवाब साहब किस कारण थककर लेट गए? **[1]**

(a) खीरे की तैयारी और उसके 'इस्तेमाल' से
(b) लंबी यात्रा से
(c) लेखक से बातचीत करने से
(d) भूख से

(v) **अभिकथन (A):** नवाब साहब ने फाँकें खिड़की से बाहर फेंकीं।
कारण (R): वे लेखक के सामने अपनी रईसी और नफ़ासत का प्रदर्शन करना चाहते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

10. एक कहानी यह भी

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखिका की बड़ी बहन का नाम क्या था? **[1]**

(a) सुशीला (b) शीला (c) सरला (d) कमला

Q2. 'हुड़दंग' शब्द का अर्थ है – **[1]**

(a) उत्सव (b) उपद्रव या शोर-गुल
(c) शांति (d) अध्ययन

Q3. सन् 47 के मई महीने में शीला अग्रवाल को किसने नोटिस थमा दिया? **[1]**

(a) कॉलेज वालों ने (b) पुलिस ने (c) पिताजी ने (d) नगरपालिका ने

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** पिता का आर्थिक पतन उनके स्वभाव में क्रोध और शक्की प्रवृत्ति ले आया।
कारण (R): आर्थिक स्थिति गिरने पर उनके व्यक्तित्व के सकारात्मक पहलू निचुड़ने लगे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'एक कहानी यह भी' के आधार पर लिखिए कि मन्नू भंडारी को नए सिरे से अपने अस्तित्व का बोध कब हुआ? (लगभग 25-30 शब्दों में) [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[2]**

Q6. मन्नू भंडारी की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी – फिर भी लेखिका के लिए आदर्श न बन सकी। क्यों? (लगभग 25-30 शब्दों में) [SQP 2019-20 (घ)] **[2]**

Q7. शिक्षा के क्षेत्र में लेखिका के पिताजी ने क्या काम किया? [SQP 2016-17 (9 ख)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत "पड़ोस-कल्चर" से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है।

(i) उस ज़माने में घर की दीवारें कहाँ तक फैली रहती थीं? **[1]**

(a) केवल घर तक (b) पूरे मोहल्ले तक (c) गाँव तक (d) शहर की सीमा तक

(ii) आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को किससे विच्छिन्न कर दिया है? **[1]**

(a) परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से (b) अपने पुराने मित्रों से
(c) शहर की सड़कों से (d) अपने काम से

(iii) लेखिका की आरंभिक कहानियों के अधिकांश पात्र किस स्थान के हैं? **[1]**

(a) अजमेर के बाज़ार के (b) इसी मोहल्ले के
(c) महानगर के फ़्लैट के (d) कॉलेज के छात्रों के

(iv) 'दा साहब' इतने वर्षों बाद किस रचना में जीवित हो उठे? **[1]**

(a) गोदान (b) महाभोज (c) रागदरबारी (d) तमस

(v) **अभिकथन (A):** मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी।
कारण (R): कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

11. नौबतखाने में इबादत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बिस्मिल्ला खाँ अपनी दुआओं में क्या माँगा करते थे? [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[1]**

(a) अपने सुरों की सलामती
(b) जन्मभूमि काशी का सौहार्द
(c) विविध संप्रदायों में भाईचारा
(d) पूरे देश की सलामती

Q2. बिस्मिल्ला खाँ किस वाद्ययंत्र के अद्भुत वादक के रूप में विश्व-प्रसिद्ध हुए? **[1]**

(a) बाँसुरी (b) सितार (c) शहनाई (d) तबला

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** भारतरत्न मिलने के बाद भी बिस्मिल्ला खाँ फटी तहमद में ही मेहमानों से मिलते थे।
कारण (R): उनका ध्यान बनाव-श्रृंगार में नहीं, शहनाई के रियाज़ में लगा रहता था। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ काशी छोड़कर अन्यत्र क्यों नहीं जाना चाहते थे? [SQP 2018-19; बोर्ड 2026 (3-4-1); MS 2018-19] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

सचमुच हैरान करती है काशी — पक्का महाल से जैसे मलाई बरफ़ गया, संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी शोहरतें लुप्त हो गईं। एक सच्चे सुर साधक और सामाजिक की भाँति बिस्मिल्ला खाँ साहब को इन सबकी कमी खलती है। काशी में जिस तरह बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं, उसी तरह मुहरम-ताजिया और होली-अबीर, गुलाल की गंगा-जमुनी संस्कृति भी एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। अभी जल्दी ही बहुत कुछ इतिहास बन चुका है। अभी आगे बहुत कुछ इतिहास बन जाएगा। फिर भी कुछ बचा है जो सिर्फ़ काशी में है। काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना गया है। काशी आनंदकानन है। सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा।

(i) गद्यांश के अनुसार काशी में कौन एक-दूसरे के पूरक रहे हैं? **[1]**

(a) गंगा और बाबा विश्वनाथ
(b) बाबा विश्वनाथ और त्रिशूल
(c) बिस्मिल्ला खाँ और गंगा
(d) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ

(ii) 'काशी में मरण भी मंगल माना गया है' - का आशय है – **[1]**

(a) काशी में मृत्यु का उत्सव मनाया जाता है।
(b) पुराणों के अनुसार काशी मृत्यु नगरी है।
(c) मान्यता है कि काशी में मृत्यु मोक्ष-दायिनी है।
(d) काशी में मृत्यु के अवसर पर मंगलगीत गाए जाते हैं।

(iii) निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए : कथन : (क) बिस्मिल्ला खाँ धार्मिक सौहार्द के प्रतीक थे। (ख) काशी में गंगा-जमुनी संस्कृति के दर्शन होते हैं। (ग) काशी में खान-पान की सारी परंपराएँ लुप्त हो गई हैं। **[1]**

(a) कथन (क) सही है।
(b) कथन (ख) और (ग) सही हैं।
(c) कथन (क) और (ख) सही हैं।
(d) कथन (क) और (ग) सही हैं।

(iv) 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं? **[1]**

(a) मुहर्रम-ताजिया, होली-दीवाली जैसे अवसरों पर सामूहिकता
(b) विभिन्न धार्मिक समुदायों का आपसी सामंजस्य
(c) अलग-अलग संप्रदायों की उत्सवधर्मिता
(d) धर्म, कलाओं एवं साहित्य का ताना-बाना

(v) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर काशी के विषय में कौन-सा कथन असत्य है? **[1]**

(a) वहाँ की साहित्य, संगीत, संस्कृति की हर परंपरा अब लुप्त हो चुकी है।
(b) काशी की आत्मा संगीत में बसती है।
(c) वहाँ के हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सदा से भाईचारे की भावना रही है।
(d) बिस्मिल्ला खाँ को काशी से अगाध प्रेम था, उन्होंने उसकी शान बढ़ाई।

12. संस्कृति

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. पेट भरने और तन ढँकने की इच्छा को लेखक ने किसकी जननी नहीं माना है? **[1]**

(a) सभ्यता की (b) संस्कृति की (c) आविष्कार की (d) प्रगति की

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** आज का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य कहा जा सकता है।
कारण (R): उसे गुरुत्वाकर्षण के अतिरिक्त अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. 'सभ्यता-संस्कृति' और 'असभ्यता-असंस्कृति' के बीच का अंतर 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2024 कंपार्टमेंट (3-S-1); बोर्ड 2025 (3-2-1); बोर्ड 2025 कंपार्टमेंट (3-S-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

(i) संस्कृत व्यक्ति की संतान को लेखक ने किसकी संज्ञा दी है? **[1]**

(a) सुसंस्कृत मानव (b) सभ्य मानव (c) सुयोग्य मानव (d) समृद्ध मानव

(ii) लेखक के अनुसार प्रस्तुत गद्यांश में एक 'संस्कृत' व्यक्ति कौन है? **[1]**

(a) जो संस्कृत विषय का विशेषज्ञ हो
(b) जो नयी वस्तुओं का उपयोग करता हो
(c) जो अनेक बातों का ज्ञान रखता हो
(d) जो किसी नयी चीज़ की खोज करता हो

(iii) **अभिकथन (A):** लेखक ने 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान को 'संस्कृत' नहीं माना है।
कारण (R): 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान ने किसी नयी चीज़ की खोज नहीं की, बल्कि उसे वह वस्तु अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन / कौन-से कथन सही हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने के कारण संस्कृत मानव कहलाए।
(ii) आज भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन के समान संस्कृत कह सकते हैं।
(iii) आज का विद्यार्थी न्यूटन के सिद्धांत के साथ-साथ अन्य बातों का भी ज्ञान रखता है।
(iv) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को अधिक सभ्य नहीं माना जा सकता है। **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं (b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं (d) कथन (i) और (iii) सही हैं

(v) एक संस्कृत व्यक्ति में आम लोगों से अलग कौन-से गुण होते हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) नई खोज करना
(ii) संस्कृति का सम्मान करना
(iii) साहसी और परिश्रमी होना
(iv) अपनी बुद्धि, विवेक के बल पर आविष्कार करना **[1]**

(a) विकल्प (i) और (iv) सही हैं (b) केवल विकल्प (iii) सही है
(c) विकल्प (i) और (ii) सही हैं (d) विकल्प (i), (ii) और (iv) सही हैं

13. सूरदास — पद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. गोपियाँ उद्धव को भाग्यवान क्यों कहती हैं? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) क्योंकि उद्धव को मथुरा में कृष्ण का सान्निध्य मिला है
(b) क्योंकि उद्धव ने बड़ी-बड़ी पोथियाँ पढ़ी हैं
(c) क्योंकि उद्धव कृष्ण के प्रेम में लिप्त हैं
(d) व्यंग्य में – वे कृष्ण-प्रेम के बंधन से मुक्त रहने के कारण विरह-वेदना से भी वंचित हैं

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** गोपियाँ योग का संदेश उन्हें सौंपने को कहती हैं जिनके मन चकरी जैसे चंचल हैं।
कारण (R): गोपियों का मन श्रीकृष्ण में पूरी तरह स्थिर है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. गोपियों को उद्धव से क्यों कहना पड़ा – 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए'? 'सूरदास के पद' के आधार पर उत्तर लिखिए। [SQP 2025-26; बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए॥

(i) पद में 'मधुकर' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) उद्धव को (b) श्रीकृष्ण को (c) भ्रमर को (d) सूरदास को

(ii) इस पद में गोपियों ने श्रीकृष्ण पर कौन-कौन से आक्षेप लगाए हैं?
(I) उन्होंने राजनीति सीख ली है।
(II) पहले से ही चतुर थे, अब बड़े-बड़े ग्रंथ भी पढ़ लिए।
(III) योग-संदेश भेजने का अर्थ है कि उनकी चालाकी और बढ़ गई है। **[1]**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) I, II और III तीनों (d) केवल I

(iii) पद के अनुसार 'राजधर्म' क्या है? **[1]**

(a) स्वयं अन्याय करना (b) प्रजा को न सताना
(c) गोपियों को योग-संदेश भिजवाना (d) राजनीति के ग्रंथ पढ़ना

(iv) **अभिकथन (A):** गोपियाँ कृष्ण के योग-संदेश भेजने को उनकी बढ़ी हुई बुद्धि का प्रमाण मानती हैं।
कारण (R): गोपियों के अनुसार कृष्ण ने गुरु-ग्रंथ पढ़ लिए हैं और राजनीति सीख ली है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए' – गोपियाँ क्या कहना चाहती हैं? **[1]**

(a) कृष्ण का मन उन्होंने चुरा लिया था
(b) उद्धव का मन बदल गया है
(c) उन्हें अपना मन बदल लेना चाहिए
(d) कृष्ण जाते समय जो उनका मन चुरा ले गए थे, वह वापस पाना चाहती हैं

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. तुलसीदास की भाषा है : **[1]**

(a) ब्रजभाषा (b) अवधी (c) खड़ी बोली (d) राजस्थानी

Q2. 'भृगुकुलकेतू' किसे कहा गया है? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) लक्ष्मण को (b) राजा जनक को (c) परशुराम को (d) विश्वामित्र को

Q3. 'इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं' में लक्ष्मण क्या कहना चाहते हैं? **[1]**

(a) हम कुम्हड़े की खेती करते हैं
(b) हम उँगली से इशारा नहीं करते
(c) हम सबको प्रणाम करते हैं
(d) हम कुम्हड़े के छोटे फल नहीं हैं जो उँगली दिखाने मात्र से मुरझा जाएँ

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** राम के वचन 'जल के समान' बताए गए हैं।
कारण (R): राम के शीतल और विनम्र वचन परशुराम के क्रोध की अग्नि को शांत करने के लिए थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. परशुराम जी ने लक्ष्मण के सामने अपनी किन-किन विशेषताओं का बखान किया? [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q6. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
> भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहउँ रिस रोकी॥
> सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई॥
> बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें॥
> कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा॥
> जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर।
> सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गभीर॥

(i) 'सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई' में 'महिसुर' का अर्थ है : **[1]**

(a) राजा (b) ब्राह्मण (c) देवता (d) सैनिक

(ii) 'बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें' – लक्ष्मण का आशय है : **[1]**

(a) वे परशुराम को अवश्य मारेंगे
(b) परशुराम को पाप से बचना चाहिए
(c) परशुराम को जनक से क्षमा माँगनी चाहिए
(d) ब्राह्मण को मारने पर पाप और हारने पर अपकीर्ति मिलती है, इसलिए आपके पैर ही पड़ना ठीक है

(iii) 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **[1]**

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा (c) उपमा (d) मानवीकरण

(iv) लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति अपना क्रोध क्यों रोक रखा था? **[1]**

(a) क्योंकि वे उनसे डर गए थे
(b) क्योंकि वे उन्हें जनेऊ पहने भृगुवंशी ब्राह्मण समझते थे
(c) क्योंकि राम ने मना किया था
(d) क्योंकि वे शस्त्रहीन थे

(v) 'सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गभीर' में 'सरोष' का तात्पर्य है : **[1]**

(a) क्रोध सहित (b) संतोष सहित (c) भय सहित (d) हर्ष सहित

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कवि के जीवन का मुख्य संबल क्या है? [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

(a) प्रेयसी की मधुर स्मृतियाँ
(b) मित्रों की संगति
(c) धन-संपत्ति
(d) साहित्यिक यश

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** 'आत्मकथ्य' कविता में कवि की ईमानदारी झलकती है।
कारण (R): कवि अपनी भूलों, दुर्बलताओं और असफलताओं को छिपाने के बजाय स्वीकार करता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. 'आत्मकथ्य' कविता के माध्यम से कवि जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व की जो झलक मिलती है, वह उनकी ईमानदारी और साहस का प्रमाण है – स्पष्ट कीजिए। [SQP 2025-26; MS 2025-26] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।
> सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की?
> छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?
> क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?
> सुनकर क्या तुम भला करोगे-मेरी भोली आत्म-कथा?
> अभी समय भी नहीं-थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

(i) 'स्मृति को पाथेय बनाने' का क्या अभिप्राय है? **[1]**

(a) सुखद स्मृतियों के सहारे जीना
(b) निराशा में आशा खोजना
(c) हताशा और निराशा
(d) स्मृति को भुला देना

(ii) **अभिकथन (A):** कवि अपने जीवन की कथाएँ नहीं सुनाना चाहता।
कारण (R): वह औरों की सुनकर मौन रहना अच्छा मानता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) काव्यांश में 'सीवन को उधेड़कर देखने' का क्या आशय है? **[1]**

(a) अपने बारे में सबको बताना
(b) अच्छे दिनों को याद करना
(c) विस्मृत पीड़ा को कुरेदना
(d) जो याद था उसे भूल जाना

(iv) 'क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?' – कवि मौन क्यों रहना चाहता है? **[1]**

(a) उसे कविता लिखने में अरुचि है
(b) उसकी जीवन-व्यथा थककर सोई है, वह उसे जगाना नहीं चाहता
(c) वह मित्रों से नाराज़ है
(d) उसे बोलना नहीं आता

(v) 'कंथा' शब्द यहाँ किसका प्रतीक है? **[1]**

(a) कवि की रचनाओं का
(b) कवि के मित्रों का
(c) कवि के घर का
(d) कवि के जोड़-तोड़ से बने (अभावग्रस्त) जीवन का

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निराला जी ने 'उत्साह' कविता में बादलों के माध्यम से किसका आह्वान किया है? **[1]**

(a) युवाओं में क्रांति-चेतना का
(b) किसानों में आलस्य का
(c) छात्रों में पढ़ाई का
(d) समाज में अहिंसा का

Q2. 'उत्साह' कविता में 'तामसिक तम' का अर्थ है – **[1]**

(a) रात्रि का प्राकृतिक अंधकार
(b) जड़ता और निर्जीवता रूपी अंधकार
(c) सूर्य-ग्रहण का अंधकार
(d) महाप्रलय का अंधकार

Q3. 'अट नहीं रही है' कविता की भाषा की विशेषता है – **[1]**

(a) तत्सम प्रधान गंभीर भाषा
(b) ब्रजभाषा
(c) खड़ी बोली में संगीतात्मक लोच और गेयता
(d) मैथिली

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'उत्साह' कविता में फुहार, रिमझिम और बरसने की तुलना में गरजने का आग्रह अधिक है।
कारण (R): फुहार और रिमझिम की बूँदें फसल के लिए हानिकारक हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. आपके पाठ्यक्रम की किस कविता में कवि ने बादल से फुहार, रिमझिम तथा बरसने के स्थान पर गरजने के लिए कहा है? इस आह्वान का क्या कारण है? अपने शब्दों में लिखिए। [SQP 2022-23; MS 2022-23] **[2]**

Q6. 'उत्साह' कविता के मुख्य स्वर को स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2026 SecondBoard (3-7-1)] **[2]**

Q7. 'त्रास-त्रास भाग्यों के डाल, जीवन के दल-दल निकल।' – 'उत्साह' कविता की इन पंक्तियों में कवि ने युग की किस दशा को अभिव्यक्त किया है? **[2]**

Q8. कवि निराला बादलों से किन-किन कारणों से गरजने/बरसने का आग्रह कर रहे हैं? 'उत्साह' कविता के आधार पर कोई दो कारण अवश्य लिखिए। [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

पत्तों से लदी डाल
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध-पुष्प-माल,
पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही है।

(i) 'कहीं पड़ी है उर में' – पंक्ति में 'उर' का अर्थ है – **[1]**

(a) आकाश
(b) हृदय अर्थात् वक्ष
(c) नदी का किनारा
(d) घना वन

(ii) 'पाट-पाट शोभा-श्री' में 'पाट-पाट' का अर्थ है – **[1]**

(a) केवल खेतों में (b) हर ओर, चारों तरफ (c) घर के आँगन में (d) नदी-घाटों पर

(iii) **अभिकथन (A):** प्रस्तुत काव्यांश में डालियाँ केवल हरे रंग में दिखाई दी हैं।
कारण (R): फागुन में डालियों पर नए रंग-बिरंगे पत्ते आ जाते हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) 'शोभा-श्री' का अर्थ है – **[1]**

(a) प्रसाधन की सामग्री (b) वस्त्राभूषण
(c) सौंदर्य और ऐश्वर्य की छटा (d) दीप-प्रज्वलन

(v) काव्यांश के आधार पर फागुन में डालों पर किन रंगों का समावेश दिखाई देता है? **[1]**

(a) पीला और गुलाबी (b) सफेद और नीला (c) हरा और लाल (d) केवल हरा

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पंक्ति का आशय है : [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) पत्थर पिघलकर पानी की तरह होना
(b) कठोर हृदय व्यक्ति का भी भावुक होना
(c) चट्टानी पत्थरों का जलधारा से युक्त होना
(d) कठोर हृदय व्यक्ति का भी निर्मल होना

Q2. 'मिट्टी का अँधेरा फोड़, सूरज से आँखें मिलाई हैं' - काव्य-पंक्ति का भावार्थ है : [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) कठिनाइयों का साहसपूर्वक सामना किया है
(b) प्रकृति की मार को डटकर झेला है
(c) धरती के गर्भ में अपने-आपको रखा है
(d) धरती की नमी और सूरज की गरमी को झेला है

Q3. 'फसल' कविता में नन्हा फूल कवि से किसलिए बोल पड़ा? **[1]**

(a) झगड़ने के लिए
(b) गाने के लिए
(c) सत्य सौंपने के लिए
(d) बुलाने के लिए

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** शिशु का स्पर्श पाकर कवि को लगता है मानो शेफालिका के फूल झरने लगे हों।
कारण (R): बच्चे के स्पर्श से कवि के मन में आनंद और उल्लास का संचार होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर लिखिए कि शिशु कवि को क्यों नहीं पहचान सका? [बोर्ड 2026 Second Board (3-8-1)] **[2]**

Q6. फसल 'हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा' किस प्रकार है? विचार कीजिए। [SQP 2023-24 (प्र. 12 घ)] **[2]**

Q7. 'धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ... छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात' पंक्तियों में प्रयुक्त बिंब को स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[2]**

Q8. फूल और उसके साथियों ने मिट्टी का अँधेरा फोड़कर किससे आँखें मिलाई हैं? इसका क्या अर्थ है? [SQP 2018-19 (पठित कविता प्रश्न)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात—
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात

(i) 'धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात' पंक्ति में किस बात की ओर संकेत है? **[1]**

(a) शिशु के शरीर पर धूल लगी है
(b) शिशु ने नए कपड़े पहने हैं
(c) शिशु नहाकर आया है
(d) शिशु बीमार है

(ii) 'मृतक में भी डाल देगी जान' में कवि ने किस भाव को व्यक्त किया है? **[1]**

(a) मृत्यु का भय
(b) शिशु से दूरी
(c) शिशु की मुसकान में जीवन-संचार की असीम शक्ति
(d) मुसकान में दुख

(iii) 'छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात' का भाव है : **[1]**

(a) कमल का तालाब में नष्ट होना
(b) सौंदर्य का झोंपड़ी में आना
(c) झोंपड़ी का गिरना
(d) तालाब का सूखना

(iv) **अभिकथन (A):** शिशु के धूल-धूसर शरीर को देखकर कवि का मन घृणा से भर गया।
कारण (R): कवि को शिशु का रूप कमल जैसा सुंदर लगता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'दंतुरित' शब्द का आशय है : **[1]**

(a) दाँतों वाला या दाँत दिखाता हुआ
(b) दाँतों से रहित
(c) दाँत टूटा हुआ
(d) दाँत चमकाता हुआ

18. मंगलेश डबराल — संगतकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कवि के अनुमानों के आधार पर बताइए कि निम्नलिखित में से 'संगतकार' मुख्य गायक की सहायता किस रूप में नहीं करता? [बोर्ड 2023 Main (3-2-1)] **[1]**

(a) मुख्य गायक के छोटे भाई के रूप में
(b) मुख्य गायक के शिष्य के रूप में
(c) मुख्य गायक के दूर के रिश्तेदार के रूप में
(d) मुख्य गायक के बेटे के रूप में

Q2. संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटिए : [बोर्ड 2024 Main (3-1-1)] **[1]**

(a) उसके समान ही अपनी पहचान बनाने के लिए
(b) प्रदर्शन के दौरान उसका उत्साह बढ़ाने के लिए
(c) उसके प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए
(d) उसके स्वर को सहारा देने के लिए

Q3. 'संगतकार' कविता के कवि कौन हैं? **[1]**

(a) मंगलेश डबराल (b) नागार्जुन
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (d) जयशंकर प्रसाद

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** तारसप्तक में गाते-गाते मुख्य गायक का गला बैठने लगता है।
कारण (R): प्रेरणा साथ छोड़ने और उत्साह अस्त होने से गायक का स्वर कमज़ोर पड़ने लगता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. "संगतकार" कविता में कवि जिसे संगतकार की मनुष्यता बता रहा है, वह वास्तव में उसका कर्त्तव्य ही है। इस कथन के पक्ष में उचित तर्क प्रस्तुत कीजिए। [बोर्ड 2026 Main (3-1-1)] **[2]**

Q6. कविता में किस संदर्भ में किसे नौसिखिया कहा गया है और क्यों? [SQP 2019-20 (प्रश्न 8 ख); MS 2019-20] **[2]**

Q7. 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि संगतकार जैसे व्यक्ति सर्वगुण सम्पन्न होकर भी समाज में आगे न आकर प्रायः पीछे ही क्यों रहते हैं? [SQP 2018-19; MS 2018-19] **[2]**

Q8. संगतकार की आवाज़ में हिचक की अनुभूति कब होती है? 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2024 Main (3-2-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है
गाया जा चुका राग
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है
या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है
उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

(i) कभी-कभी संगतकार गायक का यों ही साथ क्यों देता है? **[1]**

(a) अपने आप को उसके समकक्ष प्रदर्शित करने के लिए
(b) उसे यह संदेश देने के लिए कि वह स्वयं को अकेला न समझे
(c) वह मुख्य गायक की कमज़ोरियों से पूरी तरह परिचित होता है
(d) उसे विश्वास होता है कि बीच-बीच में गाने से गाने की मधुरता बनी रहेगी

(ii) संगतकार की 'मनुष्यता' किन कार्यों से प्रकट होती है? **[1]**

(a) प्रधान गायक की सेवा में सदैव जुटे रहने से
(b) गाने से पहले प्रत्येक कार्य की पूर्व योजना बनाने से
(c) स्वयं को विशिष्ट न बनाकर प्रधान गायक की विशिष्टता बढ़ाने से
(d) कार्यक्रम से पहले एवं उसके उपरांत प्रधान गायक के चरण स्पर्श करने से

(iii) 'कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर' — संगतकार के आने का ढंग कैसा प्रतीत होता है? **[1]**

(a) सहज और बिना दिखावे का
(b) ज़ोर-शोर से
(c) योजना बनाकर
(d) अनिच्छा से

(iv) 'तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता' में 'ढाँढ़स बँधाना' का आशय है : **[1]**

(a) सांत्वना या हिम्मत देना
(b) डाँटना
(c) रोकना
(d) भुला देना

(v) कविता में संगतकार की भूमिका को किस रूप में चित्रित किया गया है? **[1]**

(a) मुख्य गायक के सहायक के रूप में
(b) प्रतिद्वंद्वी के रूप में
(c) श्रोता के रूप में
(d) आलोचक के रूप में

19. माता का अँचल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. चूहे के बिल में पानी डालने पर उसमें से क्या निकल आया ? **[1]**

(a) गिलहरी (b) नेवला (c) साँप (d) मेंढक

Q2. भोलानाथ को गंगा-तट पर ले जाकर उसके पिता मछलियों को क्या खिलाते थे ? **[1]**

(a) चावल के दाने (b) रोटी के टुकड़े (c) आटे की गोलियाँ (d) चने की दाल

Q3. 'माता का अँचल' पाठ की भाषा-शैली की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ? **[1]**

(a) संस्कृतनिष्ठ क्लिष्ट शब्दावली
(b) अंग्रेज़ी शब्दों का अधिक प्रयोग
(c) लोकभाषा, लोकगीतों और मुहावरों का सहज प्रयोग
(d) केवल उर्दू शब्दों का प्रयोग

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'माता का अँचल' में बच्चों के सुख-दुख क्षणिक दिखाए गए हैं।
कारण (R): रोता हुआ भोलानाथ साथियों को देखकर अपना रोना भूलकर फिर खेल में मग्न हो जाता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. पिता के रहते हुए भी विपदा में बच्चा माँ के पास क्यों भागता है ? 'माता का अँचल' के आधार पर उत्तर दीजिए। [MS 2023-24 से रूपांतरित] **[2]**

Q6. 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित विद्यालय में अनुशासन कैसे रखा जाता था ? [SQP 2017-18 (MS) से रूपांतरित] **[2]**

Q7. माँ भोलानाथ को ज़बरदस्ती क्यों खिलाती थी और किस ढंग से खिलाती थी ? [बोर्ड 2022 (3-2-1) से रूपांतरित] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की दिनचर्या आजकल के बच्चों की दिनचर्या से भिन्न है, कैसे ? उदाहरण सहित लगभग 50-60 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[4]**

Q9. 'माता का अँचल' में भोलानाथ के पिता उसके जीवन से किस प्रकार जुड़े थे ? सोदाहरण लिखिए। भोलानाथ के पिता जैसा व्यवहार बच्चों के जीवन में क्यों आवश्यक होता है ? अपने विचारों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[4]**

Q10. 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए कि तत्कालीन व वर्तमान समय में बच्चों की खेल-सामग्रियों में क्या परिवर्तन आए हैं ? बच्चों के खेलों में हुए परिवर्तनों का उनके मूल्यों पर कितना प्रभाव पड़ा है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2020-21; MS 2020-21] **[4]**

Q11. वात्सल्य और ममता की आधार-भूमि एक रहने पर भी माता-पिता और बच्चों के संबंधों में तब से अब तक बहुत बदलाव हुए हैं – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2022 (3-4-1)] **[4]**

20. साना-साना हाथ जोड़ि

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कटाओ को 'भारत का स्विट्ज़रलैंड' क्यों कहा गया है ? **[1]**

(a) वहाँ बहुत बड़े बाज़ार हैं
(b) वहाँ की स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण
(c) वहाँ सबसे ऊँचे होटल हैं
(d) वहाँ विदेशी पर्यटक अधिक आते हैं

Q2. गंगटोक (गैंगटॉक) शब्द का अर्थ क्या बताया गया है ? **[1]**

(a) झील (b) पहाड़ (c) बर्फ (d) घाटी

Q3. ऊँचाई की ओर बढ़ने पर लेखिका को रास्ते कैसे दिखाई दिए ? **[1]**

(a) सीधे और चौड़े
(b) सँकरे और जलेबी की तरह घुमावदार
(c) पक्के और समतल
(d) बर्फ से बंद

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** गंगटोकवासी 'खेदुम' क्षेत्र में गंदगी नहीं फैलाते।
कारण (R): उनका विश्वास है कि खेदुम में देवी-देवताओं का निवास है। [बोर्ड 2024 (3-2-1) से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. प्रार्थना-चक्र घुमाने पर लेखिका के मन में कौन-सा विचार आया ? [बोर्ड 2024 (3-1-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. पहाड़ों के रास्तों पर काम करती पहाड़ी स्त्रियों को देखकर लेखिका के मन में क्या विचार आया ? [SQP 2021-22 (Term 2) से रूपांतरित] **[2]**

Q7. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में नदियों और पर्वतों के प्रति लेखिका ने क्या भाव व्यक्त किया है ? [बोर्ड 2022 (3-2-1); बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट) से रूपांतरित] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. "साना-साना हाथ जोड़ि" में मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण के साथ-साथ लेखिका की आंतरिक यात्रा का अंकन भी है।" – पाठ के आधार पर इन दोनों पक्षों पर प्रकाश डालिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-2-1); बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[4]**

Q9. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर हिमालय के सौंदर्य और स्वरूप का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-2-1); बोर्ड 2024-25 (SQP)] **[4]**

Q10. "मनुष्य ने प्रकृति के प्रति अक्षम्य अपराध किया है।" 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि इस अक्षम्य अपराध का प्रायश्चित मनुष्य किस प्रकार कर सकता है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2022-23] **[4]**

Q11. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि पहाड़ के सौंदर्य पर मंत्रमुग्ध लेखिका पहाड़ों पर किस दृश्य को देखकर क्षुब्ध और परेशान हो उठती हैं ? क्या आपने भ्रमण या पर्यटन के दौरान ऐसे दृश्य देखे हैं ? अपने मन पर पड़े उनके प्रभाव को लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2022 (3-4-1); SQP 2021-22 (Term 2)] **[4]**

21. मैं क्यों लिखता हूँ?

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक के अनुसार 'अनुभव' और 'अनुभूति' में क्या अंतर है ? **[1]**

(a) अनुभव आंतरिक और अनुभूति बाहरी होती है
(b) अनुभव प्रत्यक्ष/बाहरी होता है, अनुभूति आत्मसात की हुई संवेदना है
(c) दोनों में कोई अंतर नहीं है
(d) अनुभव केवल कल्पना है, अनुभूति यथार्थ है

Q2. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ की विधा क्या है ? **[1]**

(a) यात्रा-वृत्तांत (b) कहानी (c) आत्मपरक निबंध (d) रेखाचित्र

Q3. 'विभीषिका' शब्द का अर्थ है : **[1]**

(a) सुंदर दृश्य
(b) भयंकर विनाश या आतंक
(c) मधुर संगीत
(d) सुखद स्मृति

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** लेखन के लिए केवल बाहरी दबाव ही प्रेरित करते हैं।
कारण (R): संपादक का आग्रह, प्रकाशक का तकाज़ा और आर्थिक आवश्यकता भी लेखन का कारण बन सकते हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के अनुसार लेखक को लिखने की प्रेरणा किन कारणों से मिलती है ? कोई दो कारण लिखिए। [SQP 2023-24 से रूपांतरित] **[2]**

Q6. लेखक अज्ञेय का विज्ञान के प्रति क्या दृष्टिकोण दिखाई देता है ? **[2]**

Q7. अज्ञेय के अनुसार 'भीतरी विवशता' क्या है ? [SQP 2025-26; SQP 2026-27; MS 2025-26] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर अनुभव और अनुभूति का अंतर स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लेखक ने अपनी जापान यात्रा के दौरान हिरोशिमा में सब कुछ देखकर भी तत्काल क्यों नहीं लिखा ? अणु-विस्फोट की अनुभूति लेखक को कब हुई ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[4]**

Q9. हिरोशिमा जाने पर लेखक को क्या प्रत्यक्ष अनुभव हुआ ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[4]**

Q10. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर बताइए कि भीतरी विवशता क्या होती है ? लेखक अज्ञेय ने इसे स्पष्ट करने के लिए किसकी चर्चा की है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2025-26; SQP 2026-27; MS 2025-26; MS 2026-27] **[4]**

Q11. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आपके विचार से विज्ञान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है और उससे कैसे बचा जा सकता है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[4]**

22. अनुच्छेद लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. 'जल बचाओ, पृथ्वी बचाओ' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • जल के बिना जीवन असम्भव • जल संरक्षण का महत्त्व • जल संरक्षण के उपाय [SQP 2024-25; बोर्ड 2023 (जल संकट विषयक)] **[6]**

Q2. 'प्राकृतिक आपदाएँ और मानव की भूमिका' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • प्राकृतिक आपदाओं से आशय • वर्तमान समय में बढ़ने के कारण • रोकथाम में मनुष्य की भूमिका [बोर्ड 2026 (3-2-1); SQP 2021-22 (Term 2)] **[6]**

Q3. 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) का दौर' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है और कैसे काम करती है? • प्रचार-प्रसार • लाभ-हानि और सावधानी [बोर्ड 2022 (3-4-1); द्वितीय बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[6]**

Q4. 'साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • अर्थ • वर्तमान में चर्चा का कारण • जागरूकता का प्रभाव [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[6]**

Q5. 'प्लास्टिक प्रदूषण' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • प्लास्टिक प्रदूषण के कारण • स्वास्थ्य पर प्रभाव • समाधान [द्वितीय बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[6]**

23. पत्र लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आपका नाम देव/देविका है। आपके शहर में चोरी और झपटमारी की घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। बढ़ते हुए अपराधों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए किसी हिंदी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [बोर्ड 2023 (Comptt 3-C-1)] **[5]**

Q2. आपका नाम वर्तिका/वर्चस्व है और आपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक खेल प्रतियोगिता जीती है। अपने शहर के लोकप्रिय अख़बार के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने अभ्यास और दैनिक कार्यकलापों को विस्तार से लिखिए ताकि युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले। [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[5]**

Q3. आपका नाम दिशा/दक्ष है। आपकी आयु मतदान करने योग्य हो गई है। आपने मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए गरुड़ ऐप के द्वारा आवेदन कर दिया है, किंतु काफी समय के बाद भी आपका मतदाता पहचान पत्र नहीं मिला। मतदाता पहचान पत्र के वितरण में देरी की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के बी.एल.ओ. (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2023-24] **[5]**

Q4. आपकी चचेरी दीदी कॉलेज में दाख़िला लेना चाहती हैं, किंतु आपके चाचा जी आगे की पढ़ाई न करवाकर उनकी शादी करवाना चाहते हैं। इस बारे में अपने चाचा जी को समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। [SQP 2021-22 (Term 2)] **[5]**

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. क. आपका नाम सुनीता/सुरेश है। आप राजेन्द्र नगर के निवासी हैं। दैनिक समाचार पत्र से पता चला है कि स्थानीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय अध्यक्ष का पद रिक्त है। आप उक्त पद की योग्यता (बी. लिब. /पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक) को धारण करते हैं। उक्त रिक्त पद हेतु राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यालय प्रमुख को आवेदन भेजने हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। [SQP 2023-24] **[5]**

Q2. राजकीय विद्यालय अ.ब.स. नगर को हिंदी पढ़ाने वाले स्नातकोत्तर शिक्षक की तत्काल आवश्यकता है। ज्योति/प्रकाश की ओर से शैक्षणिक योग्यताओं और अनुभव का वर्णन करते हुए विद्यालय प्रबंधक को भेजने हेतु एक स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[5]**

Q3. ख. आपका नाम सुनीता/सुरेश है। आप राजेन्द्र नगर के निवासी हैं। पिछले कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति अव्यवस्थित है। अपने क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य विद्युत आपूर्ति निगम के महानिदेशक के नाम एक शिकायती ई-मेल लिखिए। [SQP 2023-24] **[5]**

Q4. आप ज्योति/प्रकाश हैं। अ.ब.स. बचत बैंक में आपका बचत खाता है। बैंक द्वारा जारी आपका क्रेडिट कार्ड कहीं खो गया है। तत्काल प्रभाव से आपके खाते से लेन-देन संबंधी सभी कार्यवाही बंद करने का आग्रह करते हुए शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[5]**

Q5. क. आप अपना पुराना स्मार्टफोन बेचना चाहते हैं, उससे संबंधित एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए। [SQP 2023-24] **[4]**

Q6. (i) आपने अपने पिता के साथ मिलकर दुग्ध उत्पादों (डेयरी प्रोडक्ट्स) की एक कंपनी शुरू की है। उसके प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 40 शब्दों में उसका एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[4]**

Q7. ख. आप वीणा/विकास हैं। आपकी छोटी बहन ने विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। [SQP 2023-24] **[4]**

Q8. अपनी बुआ और फूफ़ाजी को विवाह की प्रथम वर्षगाँठ पर बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-7-1)] **[4]**

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण)

Ch. 1: Q1(i)-(c), Q1(ii)-(b), Q1(iii)-(a)

Ch. 2: Q1(i)-(a), Q1(ii)-(b), Q1(iii)-(a)

Ch. 3: Q1-(d), Q2-(a), Q3-(d), Q4-(d)

Ch. 4: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(c), Q4-(b)

Ch. 5: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(d), Q4-(c)

Ch. 6: Q1-(a), Q2-(a), Q3-(a), Q4-(b)

Ch. 7: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(a), Q5(i)-(a), Q5(ii)-(d), Q5(iii)-(a), Q5(iv)-(a), Q5(v)-(a)

Ch. 8: Q1-(d), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(b), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(d)

Ch. 9: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a), Q6(i)-(b), Q6(ii)-(a), Q6(iii)-(b), Q6(iv)-(a), Q6(v)-(a)

Ch. 10: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(a), Q4-(a), Q8(i)-(b), Q8(ii)-(a), Q8(iii)-(b), Q8(iv)-(b), Q8(v)-(a)

Ch. 11: Q1-(a), Q2-(c), Q3-(a), Q5(i)-(d), Q5(ii)-(c), Q5(iii)-(c), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(a)

Ch. 12: Q1-(b), Q2-(a), Q4(i)-(b), Q4(ii)-(d), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(a)

Ch. 13: Q1-(d), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(b), Q4(iv)-(a), Q4(v)-(d)

Ch. 14: Q1-(b), Q2-(c), Q3-(d), Q4-(a), Q6(i)-(b), Q6(ii)-(d), Q6(iii)-(c), Q6(iv)-(b), Q6(v)-(a)

Ch. 15: Q1-(a), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(a), Q4(iii)-(c), Q4(iv)-(b), Q4(v)-(d)

Ch. 16: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(c), Q4-(c), Q9(i)-(b), Q9(ii)-(b), Q9(iii)-(d), Q9(iv)-(c), Q9(v)-(c)

Ch. 17: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(c), Q4-(a), Q9(i)-(a), Q9(ii)-(c), Q9(iii)-(b), Q9(iv)-(d), Q9(v)-(a)

Ch. 18: Q1-(d), Q2-(a), Q3-(a), Q4-(a), Q9(i)-(b), Q9(ii)-(c), Q9(iii)-(a), Q9(iv)-(a), Q9(v)-(a)

Ch. 19: Q1-(c), Q2-(c), Q3-(c), Q4-(a)

Ch. 20: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 21: Q1-(b), Q2-(c), Q3-(b), Q4-(d)